
# शहर में फर्राटा मार रहे बिना नंबर प्लेट के सैकड़ों वाहन

## ई-चालान सिस्टम को धत्ता, बढ़ रहा अपराध-दुर्घटनाओं का जोखिम

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 दिसंबर. हेलमेट पहने रहने के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन करने वाले दोपहिया वाहन चालक ने यदि चौराहे पर लाइन क्रॉस करने की जरा सी भी गलती कर दी तो उसका ऑनलाइन चालान कटने में देर नहीं लगती. लेकिन वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो सारे नियम कायदों को ताक पर रखते हुए सरेआम फर्राटा मारते रहते हैं, लेकिन उनका बाल भी बांका नहीं होता.**

क्योंकि उन्होंने या तो अपने वाहन की नंबर प्लेट निकाल ली होती है या फिर उसके कुछ अंक अथवा सीरीज को छिपा दिया जाता है. व्यवस्था के इस पहलू के चलते एक ओर जहां असमाजिक तत्वों सहित नियम तोड़ने वालों को हौसले बुलंद हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इससे आम जन के लिए दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ रहा है. शहर के प्रमुख चौराहों पर सिग्नल सिस्टम स्थापित होने के साथ साथ उसकी मॉनिटरिंग के लिए जिला कलेक्टोरेट परिसर में



कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर भी बनाया गया. चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए इस बात की निगरानी की जाने लगी कि रेड लाइट क्रॉस करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाए. नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान का प्रमुख आधार उसकी नंबर प्लेट को बनाया गया. लेकिन इस व्यवस्था के जोर पकड़ते ही लोगों ने उसका तोड़ निकालना शुरु कर दिया. लिहाजा लोगों ने अपने वाहन की नंबर प्लेट के कुछ अंक अथवा सीरीज को छिपाना शुरु कर दिया. जिसके चलते चौराहों पर नियम तोड़ने के बावजूद भी वे चालानी कार्रवाई से बचने लगे. नियम तोड़ने वालों को मौज करता देख दूसरे लोग भी प्रभावित होने लगे. नतीजतन नंबर प्लेट से छेड़छाड़ से एक कदम बढ़ते हुए कुछ लोगों ने अपने वाहन की नंबर प्लेट को ही निकालकर घर में रख दिया. आलम यह हो गया कि इन दिनों शहर में हर छठवां दोपहिया वाहन या तो बिना नंबर प्लेट का नजर आता है अथवा आधी अधूरी नंबर प्लेट व्यवस्था को मुंह चिढ़ाती दिखाई देती है. शहर के किसी भी मार्ग अथवा चौराहे से होकर गुजरने वाले वाहनों में यह पैटर्न स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है. इस संबंध में हलांकि यातायात पुलिस द्वारा दावा तो किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि नियम-कायदों को खुले आम धत्ता बताने वाले लोग उनकी पकड़ से दूरी ही बनाए रखते हैं.

### आमजन के लिए खतरा

एक ओर जहां चौराहे पर रेड लाइट जलते ही आमजन अपना-अपना वाहन रोककर ग्रीन लाइट का इंतजार कर रहे होते हैं. वहीं दूसरी ओर बिना नंबर अथवा आधी-अधूरी नंबर प्लेट वाले वाहन चालक इन सभी को मुंह चिढ़ाते हुए धड़ल्ले से रेड लाइट पार कर निकल जाते हैं. लेकिन इसका सबसे अधिक खतरा तब देखने को मिलता जब दूसरी दिशा के वाहन ग्रीन सिग्नल मिलने पर तेजी से आगे बढ़ रहे होते हैं. इस दौरान कई बार ऐसा होता है कि ग्रीन सिग्नल में जा रहे किसी वाहन चालक की रेड लाइट जंप कर भाग रहे वाहन चालक से टक्कर हो जाती है. इतना ही नहीं बल्कि टक्कर मार कर भागने वाले वाहन की पहचान तक नहीं हो पाती.

### असमाजिक तत्वों की चांदी

लूट, छीनाझपटी, चोरी, छेड़छाड़, जानलेवा हमला सहित अन्य कई प्रकार के अपराध को अंजाम देने वाले अक्सर बिना नंबर अथवा आधी अधूरी नंबर प्लेट वाले वाहनों का इस्तेमाल करते देखे जाते हैं. अपराध को अंजाम देने के बाद वे बड़ी ही आसानी से बिना किसी की नजर में आए भाग निकलते हैं. इतना ही नहीं बल्कि प्रतिबंधित साइलेंसर का उपयोग, तेज रफ्तार की हुड़दंग, खतरनाक स्टंट, ड्रंक एण्ड ड्राइव और हिट एण्ड रन जैसे मामलों में भी ये बच निकलते हैं. ये इतने शातिर होते हैं कि प्रमुख चौराहों अथवा मार्गों पर पुलिस-यातायात पुलिस की जांच को धत्ता बताने में इन्हें देर नहीं लगती.

### इनका कहना है

बिना नंबर प्लेट अथवा नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ कर वाहन चलाने वाले लोगों को किसी तरह की गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए. वे पुलिस की नजर में हैं और सतर्क हो जाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी. वैसे भी यातायात पुलिस द्वारा औसतन हर रोज आधा दर्जन ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है जिनके वाहन की नंबर प्लेट में छेड़छाड़ पाई जाती है.

**संजय खरे,** उप पुलिस अधीक्षक, यातायात सतना



# चरवाहों की 40 बकरियां छीन ले गए नकाबपोश

## बंधक बना की मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 दिसंबर. जिले के मझगवां पिण्डरा क्षेत्र से सटे जंगलों से लेकर मारकुण्डी के डोडामाफी के जंगल में सक्रिय बदमाशों ने एक बार फिर से चरवाहों को निशाना बनाना शुरु कर दिया है. इसी कड़ी में डोडामाफी के जंगल में नकाबपोश बदमाश, चरवाहों के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बनाते हुए उनकी 40 बकरियां लूट कर ले गए.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार मारकुण्डी उप्र के डोडामाफी निवासी 65 वर्षीय वृद्ध रामप्रकाश यादव और श्याम सुंदर यादव 50 वर्ष अपनी 40 बकरियों को लेकर सुसाइटी कॉलोनी के ऊपर वाले जंगल में चराने के लिए गए थे. जंगल में बकरियों को चरता देख दोनों चरवाहे लाठी टेक कर वहीं बैठ गए. इसी दौरान 7-8 की संख्या में नकाबपोश बदमाश अचानक वहां आ धमके. देखते ही देखते नकाबपोश बदमाशों ने दोनों चरवाहों को पीटना शुरु कर दिया. बदमाशों ने चरवाहों के साथ इस कदर मारपीट की दोनों मारणासन्न हो गए. जिसके बाद दोनों चरवाहों को पेड़ से बांधने के बाद बदमाश उनकी सारी बकरियों को हांकते हुए मुरली जंगल की ओर ले गए. शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने दोनों चरवाहों की तलाश शुरु की. जंगल में तलाश करने पर परिजनों ने देखा कि रामप्रकाश और श्याम सुंदर पेड़ से बंधे हुए थे. उनकी हालत देख परिजनों की आंखों में आंसू आ गए. परिजनों ने दोनों को किसी तरह संभाला और जंगल से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. गंभीर तौर पर घायल दोनों परिजनों का उपचार जारी है. उप्र-मप्र के बार्डर पर जंगल में घूमते हुए सक्रिय बदमाशों द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिए जाने से दस्यु प्रभावित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं. गौरतलब है कि पिछले दिनों मप्र के बरुआ और मरिया चुआ गांव में भी रात के अंधेरे में दीवार फांद कर एक गरीब की बकरियां पार कर दी गई थीं.

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के आरोपियों को 7 साल की कैद

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 दिसम्बर. न्यायालय प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना मानवेंद्र प्रताप सिंह की न्यायालय ने अधिवक्ता रावेंद्र अग्निहोत्री के ऊपर जानलेवा हमला कर मारपीट करने के पांच आरोपियों को सुनाई 7 - 7 साल की कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

घटना 24 अगस्त 2017 को शाम करीब 7. 40 बजे अधिवक्ता रावेंद्र अग्निहोत्री अपने घर से मोटर साइकिल से बाजार जा रहे थे तभी धवारी मंगल भवन के पास पुरानी रंजिश को लेकर साथ आरोपी पुष्कर गौतम उर्फ लाला, भवसागर तिवारी उर्फ अंटू, सतेंद्र तिवारी, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं दीपक मिश्रा उर्फ दीपू द्वारा एकराय होते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी डंडा राड से प्राण घातक जानलेवा हमला कर मारपीट किया गया। आहत को गंभीर चोटे आई और उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय सतना उपचार हेतु ले जाया गया जहां उनका इलाज चला । तत्संबंध की रिपोर्ट थाना सिटी कोतवाली सतना में आरोपीगणों के विरुद्ध रिपोर्ट लेख हुई। विवेचना के उपरांत चालान न्यायिक मजिस्ट्रेट सतना की न्यायालय में पेश किया गया । आरोपी गणों के विरुद्ध धारा 307 /34 का अपराध प्रथम दृष्ट्या होने से व अपराध प्रकरण सेशन कोर्ट में विचरण योग्य होने से न्यायिक मजिस्ट्रेट सतना द्वारा उक्त अपराध प्रकरण को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना की न्यायालय में विचरण हेतु उपार्पित किया गया । जहां से उक्त अपराध प्रकरण विधिवत विचारण हेतु प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश मानवेंद्र प्रताप सिंह की कोर्ट में स्थानांतरित हुआ । विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से कुल 09 गवाह पेश किए गए । सभी गवाहों ने अपने न्यायालीन कथनो में आरोपियों के विरुद्ध घटना को पूर्णत: साक्ष्य के माध्यम से प्रमाणित किया । न्यायालय में आई हुई साक्ष्य के आधार पर प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश सतना द्वारा आज दिनांक 03/ 12 /25 को सभी आरोपियों के द्वारा एक राय होकर अधिवक्ता रावेंद्र अग्निहोत्री के ऊपर प्राणघातक हमला कर मारपीट करने का आरोप प्रमाणित पाया जाकर धारा 307/34 के अंतर्गत सभी पांचों आरोपियों को 7 - 7 साल की कारावास एवं 2000 - 2000 रुपये के अर्थ से दंडित किया गया। शासन की तरफ से उमेश कुमार शर्मा अपर लोक अभियोजक सतना ने शासन का पक्ष रखा।

## नवीन मान्यता/नवीनीकरण आवेदन 31 तक

**सतना 04 दिसम्बर.** जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए प्रायवेट स्कूलों की नवीन मान्यता, नवीनीकरण मान्यता आवेदन 4 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ हो रही है। ऐसे समस्त प्राइवेट स्कूल जिनकी मान्यता अवधि 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है। वे आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूल संचालन के लिए मान्यता नवीनीकरण का आवेदन कर सकेंगे।

# सतना, मैहर में नरवाई जलाने की 1105 घटनाएं आईं सामने

**नवभारत न्यूज**

**सतना 04 दिसम्बर. पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषत: धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।**

जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 2500 रूपये प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 5000 रूपये प्रति घटना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 15000 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति देय होगी।

### सबसे कम मझगवां में 11 घटनाएं

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के समस्त अनुविभागों में 3 दिसम्बर 2025 तक 1105 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें रघुराजनगर में 90, कोठी में 45, रामपुर बघेलान में 257, कोटर में 99, मझगवां में 11, बिरसिंहपुर में 48, नागौद में 198 तथा उचेहरा में 152 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 90, मैहर में 100 तथा रामनगर में 15 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है।

# एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यालय में हुई विशेष बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 दिसम्बर. भाजपा कार्यालय सतना में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न।**





इस अवसर पर भाजपा संगठन द्वारा उक्त संदर्भ में निर्धारित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। शुद्ध मतदाता सूची पारदर्शी निर्वाचन की आधारशिला है, और पारदर्शी निर्वाचन ही लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाता है।

बैठक में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे, पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी, पूर्व महापौर श्रीमती विमला पांडे एवं श्रीमती ममता पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय तिवारी एवं बालेंद्र गौतम, जिला मंत्री कृष्ण द्विवेदी एवं शुभम तिवारी तथा स्छक्र प्रभारी देवेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# केजेएस सीमेंट ने गैस त्रासदी को याद कर मनाया सुरक्षा दिवस

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 दिसम्बर. मैहर स्थित केजेएस सीमेंट में भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर मध्य प्रदेश औद्योगिक सुरक्षा एवं संरक्षण दिवस मनाया गया जिसमें कारखाने के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।**





इस अवसर पर कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष संजय पांडेय सहित सभी महत्वपूर्ण अधिकारी व कर्मचारीगणों ने सामूहिक तौर पर सुरक्षा शपथ ली। सेफ्टी हेड अखिलेश कुशवाहा ने भोपाल गैस त्रासदी का विवरण देते हुए किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए सदैव निवारक सुरक्षा उपाय अपनाने का आग्रह किया। श्री कुशवाहा ने कहा कि सुरक्षा की संस्कृति केवल नियमों का पालन करने के बारे में नहीं है बल्कि स्वयं की और एक दूसरे की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के प्रमुख संजय पांडेय ने कहा कि औद्योगिक इतिहास में भोपाल गैस जैसा विकराल हादसा एक छोटी सी लापरवाही से पैदा हुआ था । श्री पांडेय ने सभी कर्मचारियों से अपने घर से लेकर कार्य स्थल तक सुरक्षा व सतर्कता को प्राथमिकता बनाने का आवाहन किया। श्री पांडे ने सभी कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी की केजेएस सीमेंट शून्य दुर्घटना के अपने लक्ष्य पर स्थिर है। कार्यक्रम में सुरक्षा स्लोगन व सुरक्षा पोस्टर बनाने वाले विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत भी किया गया जिसमें भारत भूषण तिवारी, दिलीप सिंह, धीरज मिश्रा, ऋषभ पांडे, आलोक खरे, सुनील सैनी, विजय सिंह, धीरेंद्र गौतम, राकेश कुशवाहा, कु. अदिति तिवारी एवं सुनील विश्वकर्मा शामिल रहे।

सुरक्षा दिवस के इस कार्यक्रम में माइन्स हेड विजय सिंह राठौर, प्रोजेक्ट हेड बीके ठाकुर, ईएंडआई हेड आरके नम्मी, क्वालिटी कंट्रोल हेड ईश्वर साहू, आईटी हेड विरंचि गाइन, टेक्निकल सेल इंचार्ज अश्वनी सोनी एवं डॉ टीएस बघेल सहित समस्त प्रमुख अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# हार्डवेयर पेंटस एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

## पारिवारिक मिलन जनवरी में आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 दिसम्बर. हार्डवेयर पेंटस ऐसो की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को रीवा रोड स्थित ओम प्लाजा में संस्थाध्यक्ष घनश्यामदास अच्छड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में संरक्षक रूपचंद सचदेव जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

बैठक में संस्था की भावी गतिविधियों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया । संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने जानकारी देते हुए बताया बैठक में आगामी जनवरी माह में ध्वजारोहण एवं पारिवारिक मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। पारिवारिक मिलन तिघरा मो? स्थित दयोदया गौशाला सतना नदी के पास आयोजित किया जाएगा।

बैठक में मुख्यरूप से संरक्षक रूपचंद सचदेव अध्यक्ष, घनश्यामदास अच्छडा, महामंत्री विनोद गेलानी, कोषाध्यक्ष सनी सिरवानी, प्रदीप अग्रवाल ,राकेश चांदवानी ,विशाल गेलानी, विनोद मंघनानी ,रॉकी चांदवानी, दिनेश अग्रवाल, नवनीत सिंह , बलराम अच्छडा ,चिरायु घोघवानी, रामचंद्र अच्छडा, विक्की, गेलानी ,राजा माधवानी गुप्ता एवं कई सम्मानीय सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### राशन दुकानदारों ने कमीशन के लिए लगाई गुहार

**सतना।** नगर पालिक निगम सतना के समस्त विक्रेताओं पीडीएस ने जिला कलेक्टर सतना को जनसुनवाई में आवेदन देकर कहा कि प्रबंधक नगरीय आपूर्ति निगम द्वारा हमारा कमीशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान न मिलने से दुकान संचालन में हम सभी को काफी समस्या आ रही है। पूर्व में 21 मार्च को भी कमीशन के संबंध में प्रबंधक नगरीय आपूर्ति निगम को पत्र दिया गया था । नगरीय राशन विक्रेताओं ने कलेक्टर सतना से अनुरोध किया कि हम सभी विक्रेताओं प्रबंधक नगरीय आपूर्ति निगम से भुगतान करवाया जाय ताकि अपनी दुकान का संचालन हम सभी विक्रेता सुचारू रूप से कर सकें।



### सेनानी परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**सतना.** स्वातंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकार परिवार समित के महासचिव अरुण प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जिला महासचिव कृष्णेन्द्र सिंह ग्राम गुढ्वा पहुच कर स्वातंत्रता सेनानी स्वार्गीय रामललेस्वर सिंह की पुत्र वधू ज्ञान सिंह पत्नी और रिषभ सिंह छोटू की मां का असमयिक निधन होजाने पर सेनानी परिवर ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रध्दांजलि दी.

### 97 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा

**सतना .** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मध्यप्रदेश में लगभग 5 करोड़ 57 लाख गणना पत्रकों का डिजीटाइजेशन पूरा हो चुका है। जो कुल कार्य का 97 प्रतिशत से अधिक है। 15 जिलों अशोक नगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी, उमरिया, बुरहानपुर, मंदसौर, सतना, टीकमगढ़ और अलिराजपुर में शत-प्रतिशत डिजीटाइजेशन का काम हो चुका है। श्री झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि से पूर्व यह उपलब्धि सभी के प्रयास और कर्तव्य निष्ठा से ही संभव हुई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि प्रदेश के 19 अन्य जिलों ने 99 प्रतिशत से अधिक, 12 जिलों में 98 प्रतिशत और 6 जिलों मे 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# सतना एयरपोर्ट को आरसीएस श्रेणी में शामिल कर रनवे विस्तार की रखी मांग

## सांसद गणेश सिंह ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 दिसम्बर. सतना हवाई अड्डे को नियमित कमर्शियल उड़ानों से जोडऩे की दिशा में सतना सांसद गणेश सिंह ने गुरुवार को लोकसभा के शून्यकाल में यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया।**



सांसद ने सदन को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 31 मई 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए सतना एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया था और तब से नॉन-शेड्यूल तथा मेडिकल इमरजेंसी फ्लाइट्स का संचालन सुचारु रूप से चल रहा है। एयरपोर्ट पर यात्रियों व उड़ानों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उद्घाटन के तुरंत बाद से ही क्षेत्र की जनता भोपाल, इंदौर सहित देश के कई बड़े शहरों से सतना की सीधी हवाई कनेक्टिविटी की मांग कर रही है। लेकिन सतना एयरपोर्ट अभी आरसीएस (रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-उड़ान) श्रेणी में शामिल नहीं होने के कारण 19 सीटर विमानों का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। जिन एयरलाइंस ने राज्य सरकार के साथ ओएमयू किया है, उनका कहना है कि जब तक सतना को आरसीएस एयरपोर्ट घोषित कर एयरलाइंस को इस रूट पर अनुबंधित नहीं किया जाएगा, तब तक भोपाल, इंदौर व अन्य शहरों के लिए नियमित उड़ानें शुरू करना संभव नहीं है।

सांसद गणेश सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्री से आग्रह किया कि सतना हवाई अड्डे को तत्काल आरसीएस श्रेणी में वर्गीकृत कर 19 सीटर विमानों के संचालन की स्वीकृति दी जाए। साथ ही एयरपोर्ट के मौजूदा रनवे की लंबाई बढ़ाने तथा नाइट लैंडिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई ताकि बड़े विमानों का संचालन हो सके और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास तेजी से हो।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ रामनगर और अमरपाटन में कल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 04 दिसम्बर. सतना लोकसभा क्षेत्र के मैहर जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 6 दिसंबर को प्रात: 11 बजे आजाद खेल मैदान रामनगर में होगा।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल होंगे तथा अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जिलाध्यक्ष मैहर कमलेश सुहाने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य पूजा आशुतोष गुप्ता एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रियंका पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसी प्रकार 6 दिसम्बर को ही दोपहर 2 बजे थाना खेल परिसर अमरपाटन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जिलाध्यक्ष मैहर कमलेश सुहाने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य हरीशकांत त्रिपाठी, तारा विजय पटेल एवं जनपद उपाध्यक्ष मनोज पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# प्रिज़्म में राज्य सुरक्षा दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 दिसम्बर. प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड परिसर में मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्यां में फैक्ट्री के कर्मचारी व अधिकारीगण उपस्थित रहे।**



सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी कर्मचारियों, अधिकारियों ने आज के ही दिन भोपाल गैस त्रासदी में मारे गये मृतकों को श्रद्धांजली अर्पित की तथा दो मिनट का मौन धारण किया । कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा ध्वाजारोहण मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेन्ट एण्ड प्लांट हेड), और डॉ मनीष कुमार सिन्हा (हेड एच आर एम एण्ड कारपोरेट अफेयर्स और कारपोरेट एच आर) की उपस्थिति में किया गया। साथ ही सुरक्षा शपथ वाचन कर सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियो एवं कामगार भाइयो को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात, भारतीय विद्या भवन प्रिज़्म स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। "सुरक्षित कार्य निर्देश, और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण" - उक्त विचार मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेन्ट एण्ड प्लांट हेड) ने प्रकट करते हुए कहा कि साधारणतया जल्दबाजी, ओवर-कॉफिडेन्स एवं अज्ञानता के कारण दुर्घटनायें घटित होती हैं। हम अपनी सुरक्षा के साथ-साथ हम अपनो की सुरक्षा का ध्यान रखें, ताकि हमारे साथी एवं सहयोगी सुरक्षित रहेंगे तो हमारा कारखाना भी सुरक्षित रहेगा। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने दी।